केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

CBSE/CE/RESULT-X/2023 12.05.2023

## प्रेस विज्ञप्ति

## दसवी कक्षा, 2023 के परिणामों की घोषणा

सूचित किया जाता है कि कक्षा 10वीं, सत्र 2022-2023 का परिणाम आज मध्याह्न में घोषित होने के लिए तैयार है।

निम्नलिखित इसके साथ संलग्न हैं:
1. परिणामों की घोषणा की अधिसूचना
2. विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति।
3. दसवी कक्षा की परीक्षा के आँकड़े
4. दसवी कक्षा का परिणाम कैसे और कहां से प्राप्त करें

मीडियाकर्मियों को उनके निरंतर समर्थन और सीबीएसई की सहायता के लिए धन्यवाद।

12/5/23

(डॉ संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

CBSE/CE/2023 12.05.2023

## परिणाम घोषणा कक्षा – दसवी परीक्षा 2022-2023 की अधिसूचना।

सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षा 2022-2023 का परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। हितधारकों को निम्नलिखित सूचित किया जाता है:-

### 1. इंटरनेट पर परिणाम

सीबीएसई एनआईसी और एनईजीडी, भारत सरकार के तकनीकी सहयोग के साथ अपने परिणामों को इंटरनेट पर उप्लब्ध करवा रहा है। छात्र निम्नलिखित वेबसाइट के माध्यम से अपना परिणाम देख सकते हैं:-

- ✓ https://www.cbse.gov.in/
- ✓ http://www.results.nic.in/
- ✓ https://results.digilocker.gov.in/
- ✓ https://umang.gov.in

स्कूल अपने पूरे स्कूल परिणाम को बोर्ड द्वारा पहले से ही सूचित उनकी आधिकारिक ईमेल आईडी पर स्वचालित रूप से प्राप्त करेंगे। यह नतीजे स्कूल के डिजिलॉकर में भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### 2. मोबाइल ऐप-उमंग (एंड्रॉइड और आईओएस दोनों पर उपलब्ध)

### 3. डिजिलॉकर के माध्यम से डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेज-

सीबीएसई डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेज प्रदान करेगा। परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद मार्क-शीट सह सर्टिफिकेट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और स्किल सर्टिफिकेट (जहाँ भी लागू हो) अपने स्वयं के डिजिटल अकादमिक रिपॉजिटरी "परिणाम मंजूषा" के माध्यम से। https://cbse.digitallocker.gov.in/

• छात्र उनके प्रमाणपत्रों तक पहुँचने के लिए Google Play (https://play.google.com/store/apps/details?id=com.digilocker.android) या Apple App Store (https://apps.apple.com/in/app/digilocker/id1320618078) से मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

• सीबीएसई डिजिलॉकर के माध्यम से अपने छात्रों के डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए सीबीएसई के अकादमिक रिपॉजिटरी - परिणाम मंजूषा पर भी स्कूलों को पहुंच प्रदान कर रहा है। स्कूल https://cbse.digitallocker.gov.in/ पर सीबीएसई द्वारा पहले से साझा किए गए लॉगिन क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके साइन इन विकल्प पर क्लिक करके लॉग इन कर सकते हैं।

• विदेशों में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के छात्रों के लिए भी डिजिलॉकर की पहुंच बढ़ा दी गई है। इन स्कूलों के छात्र निम्नलिखित तरीकों से डिजीलॉकर के माध्यम से अपने डिजिटल अकादमिक दस्तावेजों तक पहुंच सकते हैं।

जारी..../-

i. https://results.digilocker.gov.in/ पोर्टल पर जाकर
ii. चेहरा सत्यापन सुविधा के माध्यम से https://cbse.digitallocker.gov.in/public/intl/getcertificate/ के द्वारा
iii. https://support.digitallocker.gov.in/ पर "सीबीएसई अंतर्राष्ट्रीय छात्र 2023" श्रेणी के साथ टिकट बनाकर

**4. स्कूलवार परिणाम स्कूलों को उनकी ईमेल आईडी पर भी उपलब्ध कराया जाएगा।**

संयम
1/5/2023

**(डॉ संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

## प्रेस विज्ञप्ति

## दसवी कक्षा की परीक्षा परिणाम-2023

**दिनांक: 12.05.2023**

2022 की परीक्षाओं का कार्य माह अक्टूबर 2022 में पूर्ण कर लिया गया था और उसके तुरंत बाद बोर्ड ने 2023 की परीक्षाओं के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी थी। 03 माह के अंदर सारी तैयारी कर ली गई थी। बोर्ड ने 2022 की परीक्षाओं के नतीजे घोषित करते हुए 2023 की परीक्षाएं शुरू होने की तारीख यानी 15 फरवरी 2023 की जानकारी दे दी थी।

**<u>परीक्षाओं की अनुसूची</u>**

परीक्षाओं का शेड्यूल निम्नवत था: –

| कक्षा | से | तक | कुल दिन |
|---|---|---|---|
| बारहवीं | 15.02.2023 | 05.04.2023 | 50 |
| दसवीं | 15.02.2023 | 21.03.2023 | 36 |

चूंकि सीबीएसई में कोई विषय लेने की बाध्यता नहीं है, छात्र विषयों के किसी भी संयोजन को ले सकते हैं। तदनुसार, छात्रों द्वारा 40,000 से अधिक विषय संयोजनों की पेशकश की गई थी। सीबीएसई ने डेट शीट इस तरह तैयार की थी कि छात्रों को चुने हुए विषयों की परीक्षाओं के बीच पर्याप्त समय मिल सके। डेट शीट में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और बायोलॉजी की परीक्षा को जल्दी कराने में प्राथमिकता दी गई थी ताकि इन छात्रों को जेईई (मेन) और एनईईटी-यूजी की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

**<u>स्कूलों का उन्मुखीकरण</u>**

यह सुनिश्चित करने के लिए कि परीक्षाएं सुचारू रूप से और सफलतापूर्वक आयोजित की जाए, परीक्षाओं की शुरुआत से पहले सीबीएसई द्वारा अपने सभी संबद्ध स्कूलों के लिए एक लाइव वेबिनार का आयोजन किया गया था, जिसमें सीबीएसई स्कूलों के 1 लाख से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया था। इस वेबिनार में परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

बोर्ड परीक्षा की प्रक्रिया में शामिल सभी स्कूल पदाधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी करता रहा है। इस वर्ष, परीक्षा शुरू होने से पहले, बोर्ड ने उनके मार्गदर्शन के लिए निर्देशात्मक वीडियो क्लिप भी तैयार की और साझा की।

जारी..../-

**इस बैच के प्रदर्शन की तुलना**

इस वर्ष, दसवी कक्षा में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.12 है, जो पूर्व-कोविद अवधि में 2019 के उत्तीर्ण प्रतिशत 91.10 % से बेहतर है।

**परीक्षा के संचालन के दौरान फीडबैक**

प्रश्न पत्रों पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए बोर्ड ने एक बहुत सुदृढ़ ऑफ़लाइन और ऑनलाइन प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित की है। परिणाम तैयार करने के दौरान ऐसे फीडबैक के आधार पर बोर्ड द्वारा उचित कार्रवाई की गई है।

**कोविड अनुरूप परीक्षाएं**

यद्यपि कोविड महामारी का प्रभाव समाप्त हो गया है, फिर भी बोर्ड ने सभी सावधानियों के साथ 2023 की परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया और तदनुसार सुरक्षित परीक्षाओं के संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों को सभी वांछित सहयोग प्रदान किया गया। छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा के हित में, सीबीएसई ने एक बार फिर स्कूलों को निम्नलिखित विशेष धनराशि प्रदान की:

1. हैंड सैनिटाइज़र, साबुन, मास्क डस्टबिन आदि खरीदने के लिए दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं के लिए प्रति छात्र रु. 5/- प्रति दिन। सीबीएसई ने परीक्षाओं पर इस मद में लगभग 1.95 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।
2. सीबीएसई ने परीक्षाओं में छात्रों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन प्रति उम्मीदवार रु. 3/- रुपये खर्च किए हैं। इस मद पर 1.17 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

**विशाल परीक्षा – 2023**

सीबीएसई की परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों की संख्या हर साल बढ़ रही है। बोर्ड परीक्षा 2023 को आंकड़ों के लिहाज से निम्नवत देखा जा सकता है:

| संसाधन / कार्यकारिणी का नाम | प्रतिनियुक्त संसाधन /व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| कुल विद्यालय | भारत व 26 देशों में 28471 स्कूल |
| पंजीकृत छात्र (X और XII) | 2186485(दसवीं )+1696349(बारहवीं )=3882834(कुल) |
| छात्र और विषय जिनकी परीक्षा दसवीं और बारहवीं दोनों में आयोजित की गई थी | 2,17,86,733 |
| 2023 में परीक्षा केंद्र | 7241 |
| केंद्र अधीक्षक | 7241 |

Sd/-

| | |
|---|---|
| उप केंद्र अधीक्षक | 7241 |
| परीक्षा के लिए प्रयुक्त कक्षाएँ | 9,07,781 |
| निरीक्षक | 18,15,561 |
| पेश किए गए विषय (X और XII) | 76(X)+115(XII)=191 |
| 191 विषयों में तैयार किए गए प्रश्न पत्र/सेट | 4000+ |
| 191 विषयों के विभिन्न सेटों के लिए प्रश्न तैयार किए गए | 2,00,000+ |
| मूल्यांकन केंद्र | 3578 |
| मूल्यांकन केंद्रों पर केंद्र नोडल पर्यवेक्षक | 3578 |
| उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया | 2,17,86,733 |
| मूल्यांकन के लिए उपयोग किए जाने वाले मूल्यांकनकर्ता | 10,89,337 |
| मूल्यांकन में प्रयुक्त सहायक प्रधान परीक्षक | 2,72,335 |
| मूल्यांकन में प्रयुक्त मुख्य परीक्षक | 68,084 |
| मूल्यांकन में प्रयुक्त समन्वयक | 2,72,335 |
| प्रेक्षक | 22,913 |
| कंप्यूटर शिक्षक | 14,594 |
| परीक्षा और मूल्यांकन में सहायता के लिए उपयोग किए जाने वाले व्यक्ति | 1,65,235 |

**<u>परिणाम घोषणा के बाद दस्तावेजों की उपलब्धता</u>**

**(i) भारत में रहने वाले नियमित छात्रों के लिए:**

जैसे ही परिणाम घोषित होगा, परिणाम के दस्तावेज छात्रों को उनके डिजिलॉकर में उपलब्ध करा दिए जाएंगे। डिजिलॉकर तक पहुंचने की समस्या से बचने के लिए, इस साल पुन:, सीबीएसई ने स्कूलों को अग्रिम रूप से पिन प्रदान किया है, जो उम्मीदवारों को परिणाम घोषित होने से पहले दे दिया जाएगा। छात्र या तो अपने पिन का उपयोग करके या अपने आधार नंबर से अपने डिजिलॉकर में लॉग इन कर सकते हैं।

इसके अलावा, बोर्ड छात्रों को उनके स्कूलों के माध्यम से मुद्रित मार्कशीट सह पासिंग सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगा।

**(ii) विदेशो में रहने वालें नियमित छात्रों के लिए:**

विदेशो में रहने वालें नियमित छात्र भी सीबीएसई डिजिलॉकर पेज के माध्यम से अपने ईमेल पर अपने डिजिटल दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं। उनके प्रिंटेड मार्कशीट सह पासिंग सर्टिफिकेट उनके स्कूलों के माध्यम से दिए जाएंगे।

**(iii) निजी छात्रों के लिए:**

निजी छात्रों को भी उनके डिजिलॉकर में इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें उनके आधार नंबर के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली पूर्व एवं पश्चिम के छात्रों को छोड़कर मुद्रित दस्तावेज परीक्षा के आवेदन प्रपत्र में दिए गए पते पर भेजे जाएंगे। दिल्ली पूर्व और पश्चिम के छात्रों के लिए मुद्रित दस्तावेज उनके परीक्षा केंद्र से उपलब्ध होंगे।

**कोई योग्यता सूची नहीं**

छात्रों के बीच अस्वास्थ्यकर प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए बोर्ड के पहले के निर्णय के अनुसार, सीबीएसई द्वारा कोई योग्यता सूची घोषित नहीं की जा रही है। साथ ही, बोर्ड अपने छात्रों को प्रथम, द्वितीय या तृतीय श्रेणी प्रदान नहीं कर रहा है। हालांकि, बोर्ड 0.1% छात्रों को योग्यता प्रमाण पत्र जारी करेगा, जिन्होंने विषयों में उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं।

**सत्यापन, फोटोकॉपी, और पुनर्मूल्यांकन**

सीबीएसई छात्रों को उनके अंक सत्यापित करने, फोटोकॉपी प्राप्त करने और पुनर्मूल्यांकन हेतु पिछले वर्षों में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं की भाँति इस वर्ष भी यह सुविधाएं प्रदान करेगा। इस संबंध में अलग से नोटिस जारी किया जा रहा है। हालांकि इस सुविधा के शुरू होने की तारीख 16.05.2023 है।

**पूरक परीक्षा में सुधार का अवसर**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के आलोक में सीबीएसई ने कंपार्टमेंट परीक्षा का नाम बदलकर पूरक परीक्षा कर दिया है।

साथ ही, जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में परिकल्पना की गई है कि छात्रों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए और अधिक अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। इसलिए, 10वीं कक्षा के छात्रों को पूरक परीक्षा में 02 विषय में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की अनुमति दी जाएगी। उन सभी छात्रों के लिए जिन्हें पूरक श्रेणी में रखा गया है और वह छात्र जो अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं, उनके लिए पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी। पूरक परीक्षा की तारीख शीर्घ जारी की जायेगी। मुख्य परीक्षा- 2023 के पाठ्यक्रम के आधार पर पूरक परीक्षा होगी।

जारी....5/-

## 2024 मुख्य परीक्षाओं की तिथि

बोर्ड ने 2024 की मुख्य परीक्षाएं 15 फरवरी 2024 से कराने का फैसला किया है।

## विशेष समर्थन और प्रशंसा

संबद्ध विद्यालयों के प्रबंधन, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों/कर्मचारियों के निःस्वार्थ कार्य, सहयोग और कड़ी मेहनत के द्वारा बोर्ड परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सीबीएसई इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी सराहना करता है।

परीक्षाओं के सफल संचालन का समर्थन करने वाला एक अन्य खंड वास्तविक हितधारक यानी छात्र और उनके माता-पिता हैं। उन्होंने सीबीएसई द्वारा पारित सभी निर्देशों का अच्छे से पालन किया और अनुशासन बनाए रखा। सीबीएसई उनके समर्थन की सराहना करता है।

सीबीएसई का समर्थन करने के लिए हम उन देशों की सरकारों के अत्यधिक आभारी हैं, जहां सीबीएसई के परीक्षा केंद्र थे। बोर्ड विदेशों में स्थित भारत के मिशनों के लिए समान रूप से आभारी है जिन्होंने परीक्षाओं के सुचारू संचालन में निस्वार्थ रूप से सीबीएसई और इसके छात्रों का अथक समर्थन किया।

सीबीएसई परीक्षाओं के सुचारू संचालन में समर्थन देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों का आभारी है। विशेष रूप से, त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड राज्यों में जहां चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की तथा संबंधित राज्य सरकारों की मदद से सफलतापूर्वक परीक्षाएं आयोजित की गईं और इस प्रकार सीबीएसई उनके बिना शर्त समर्थन के लिए बेहद आभारी है।

देश के सामने तथ्यों को रखने और परीक्षाओं के संचालन में सहायक सूचना के प्रसार में सीबीएसई का समर्थन करने के लिए मीडिया मित्र धन्यवाद के पात्र हैं।

## प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग

प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग ने 2023 में मुख्य परीक्षाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया। बोर्ड ने ऑनलाइन संबद्ध स्कूल सूचना प्रणाली (OASIS), "परीक्षा संगम" जैसी कई आन्तरिक आईटी सक्षम प्रबंधन प्रणालियाँ विकसित की हैं यथा परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों के हेतु सभी हितधारकों के लिए व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म, केंद्रीकृत प्रवेश मास्टर सुधार (सीएएमसी) प्रणाली, परीक्षा केंद्र लोकेटर ऐप (ईसीएल), ऑनलाइन ग्रेड और अंक संग्रह प्रणाली (ई-आईजी, ई-प्रैक, आईएपीएक्स और ई-थ्योरी), ऑनलाइन परीक्षा केंद्र प्रबंधन प्रणाली (ओईसीएमएस) ), गोपनीय सामग्री ट्रैकिंग और निगरानी (सीएमटीएम) प्रणाली, सैद्धांतिक मूल्यांकन प्रवृत्ति विश्लेषण, (टीईटीआरए), मॉड्यूलर परिणाम संकलन प्रणाली (एमआरसीएस), परीक्षाओं में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उन्नत डेटा एनालिटिक्स/डेटा फोरेंसिक, परीक्षा के लिए री-इंजीनियर्ड आउटलेयर सिस्टम (आरओएसई) ), ग्रेड गणना प्रणाली (जीसीएस), परिणाममंजूषा- सीबीएसई का डिजिटल शैक्षणिक भंडार, छात्रों के डिजीलॉकर खातों के लिए सुरक्षा पिन आधारित सक्रियण, सीबीएसई परिणामों में ब्लॉकचेन कार्यान्वयन और कई अन्य प्रणालियां। इन सभी प्रणालियों ने परीक्षाओं के सुचारू और निष्पक्ष संचालन में मदद की, तत्पश्चात मूल्यांकन और परिणामों का संकलन और घोषणा को सुनिश्चित किया।

**(डॉ संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION (CLASS X) RESULT 2023

| | |
|---|---|
| **Duration of Examination** | **15 Feb 2023 to 21 March 2023** |
| **Date of Result Declaration** | **12 May 2023** |

**1.**

| **Total number of Schools and Exam centers (Full Subjects)** | | |
|---|---|---|
| **Year** | **Number of Schools** | **Number of Exam Centers** |
| **2022** | 22731 | **7405** |
| **2023** | 24480 | 7241 |

2.

| **Overall Pass Percentage (Full Subjects)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Year** | **Registered** | **Appeared** | **passed** | **Pass%** | **Decrease in pass%** |
| **2022** | 2109208 | 2093978 | 1976668 | 94.40 | -1.28 % |
| **2023** | 2184117 | 2165805 | 2016779 | 93.12 | |

**3.**

| **Region-wise Pass % - 2023 Regions (Full Subjects)** | | |
|---|---|---|
| | **Name of Region** | **Pass %** |
| 1 | Trivandrum | 99.91 |
| 2 | Bengaluru | 99.18 |
| 3 | Chennai | 99.14 |
| 4 | Ajmer | 97.27 |
| 5 | Pune | 96.92 |
| 6 | Patna | 94.57 |
| 7 | Chandigarh | 93.84 |
| 8 | Bhubaneswar | 93.64 |
| 9 | Prayagraj | 92.55 |
| 10 | Noida | 92.50 |
| 11 | Panchkula | 92.33 |
| 12 | Bhopal | 91.24 |
| 13 | Delhi West | 90.67 |
| 14 | Dehradun | 90.61 |
| 15 | Delhi East | 88.30 |
| 16 | Guwahati | 76.90 |

**4.(A)**

| Performance of Candidates in Delhi-East Region (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **YEAR** | **REGISTERED** | **APPEARED** | **PASSED** | **PASS%** |
| **2023** | 219226 | 216490 | 191161 | 88.30 |

**4.(B)**

| Performance of Candidates in Delhi-West Region (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **YEAR** | **REGISTERED** | **APPEARED** | **PASSED** | **PASS%** |
| **2023** | 144610 | 142478 | 129188 | 90.67 |

**4.(C)**

| Performance of Candidates in Over-All Delhi Region (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **YEAR** | **REGISTERED** | **APPEARED** | **PASSED** | **PASS%** |
| **2022** | 363836 | 358968 | 320349 | 89.24 |

**5.**

| Performance of Candidates in Foreign Schools (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **YEAR** | **REGISTERED** | **APPEARED** | **PASSED** | **PASS%** |
| **2022** | 25095 | 24843 | 24169 | 97.29 |
| **2023** | 25391 | 25186 | 24667 | 97.94 |

**6.**

| Gender wise Pass % (Full Subjects) | | | |
|---|---|---|---|
| **GENDER** | **2022** | **2023** | |
| Girls | 95.21 | 94.25 | Girls have done better than Boys by 1.98 % |
| Boys | 93.80 | 92.27 | |
| Transgender | 90.00 | 90.00 | |

**7.**

| Institution-wise Comparative Performance 2023 (Full Subjects) | | |
|---|---|---|
| | **Institutions** | **Pass %** |
| 1 | JNV | 99.14 |
| 2 | KV | 98.00 |
| 3 | INDEPENDENT | 95.27 |
| 4 | CTSA | 93.86 |
| 5 | GOVT AIDED | 81.57 |
| 6 | GOVT | 80.38 |

**8.**

| Performance of CWSN candidates 2023 (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **YEAR** | **REGISTERED** | **APPEARED** | **PASSED** | **PASS%** |
| **2023** | 7286 | 7154 | 6627 | 92.63 |

9.

| Total number of candidates who scored 90% and 95% and above (2023) (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **90% and above** | **Percentage of students 90% above** | **95% and above** | **Percentage of students 95% above** |
| **Total Candidates** | 195799 | 9.04 | 44297 | 2.05 |

10.

| Total number of CWSN candidates who scored 90% and 95% and above (2023) (Full Subjects) | | |
|---|---|---|
| | **90% and above** | **95% and above** |
| **Total Candidates** | 278 | 58 |


11.

| Number of Candidates placed in Compartment (Full Subjects) | | |
|---|---|---|
| **Year** | **Number of Candidates** | **Percentage** |
| 2022 | 107689 | 5.14 |
| 2023 | 134774 | 6.22 |

# Multimode Result Dissemination

**1. Websites –**

**(i) https://cbseresults.nic.in**




**(ii) https://results.digitallocker.gov.in**




**(iii) https://cbse.gov.in**

